**PHKM–G–GSU**

## सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र–I)

निर्धारित समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

### प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़िए)

इसमें **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

**सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्न संख्या 11 से 20 तक का उत्तर 250 शब्दों में दीजिए।**

प्रश्नों में इंगित शब्द-सीमा को ध्यान में रखिए।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए।

---

## GENERAL STUDIES (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

### QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are TWENTY questions printed both in HINDI and in ENGLISH.

**All** questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

**Answers to Question Nos. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to Question Nos. 11 to 20 should be in 250 words.**

Keep the word limit indicated in the questions in mind.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Adarsh IAS Academy

**1.** ऋग्वैदिक से उत्तर-वैदिक काल तक सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में घटित परिवर्तनों को रेखांकित कीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Underline the changes in the field of society and economy from the Rig Vedic to the later Vedic period. (Answer in *150* words) 10

**2.** दक्षिण भारत में कला व साहित्य के विकास में काँची के पल्लवों के योगदान का मूल्यांकन कीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Estimate the contribution of Pallavas of Kanchi for the development of art and literature of South India. (Answer in *150* words) 10

**3.** वे कौन-सी घटनाएँ थीं जिनके कारण भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ? इसके परिणामों को स्पष्ट कीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

What were the events that led to the Quit India Movement? Point out its results. (Answer in *150* words) 10

**4.** समुद्री सतह के तापमान में वृद्धि क्या है? यह उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के निर्माण को कैसे प्रभावित करता है? (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

What is sea surface temperature rise? How does it affect the formation of tropical cyclones? (Answer in *150* words) 10

**5.** छोटे शहरों की तुलना में बड़े शहर अधिक प्रवासियों को क्यों आकर्षित करते हैं? विकासशील देशों की स्थितियों के आलोक में इसकी विवेचना कीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Why do large cities tend to attract more migrants than smaller towns? Discuss in the light of conditions in developing countries. (Answer in *150* words) 10

**6.** 'बादल फटने' की परिघटना क्या है? व्याख्या कीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

What is the phenomenon of 'cloudbursts'? Explain. (Answer in *150* words) 10

**7.** 'जनसांख्यिकीय शीत (डेमोग्राफिक विन्टर)' की अवधारणा क्या है? क्या यह दुनिया ऐसी स्थिति की ओर अग्रसर है? विस्तार से बताइए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

What is the concept of a 'demographic winter'? Is the world moving towards such a situation? Elaborate. (Answer in *150* words) 10

**8.** लैंगिक समानता, लैंगिक निष्पक्षता एवं महिला सशक्तिकरण के बीच अंतर को स्पष्ट कीजिए। कार्यक्रम की परिकल्पना और कार्यान्वयन में लैंगिक सरोकारों को ध्यान में रखना क्यों महत्त्वपूर्ण है? (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Distinguish between gender equality, gender equity and women's empowerment. Why is it important to take gender concerns into account in programme design and implementation? (Answer in *150* words) 10

Acharya IAS Academy

**9.** समान सामाजिक-आर्थिक पक्ष वाली जातियों के बीच अंतरजातीय विवाह कुछ हद तक बढ़े हैं, किन्तु अंतरधार्मिक विवाहों के बारे में यह कम सच है। विवेचना कीजिए। (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

Intercaste marriages between castes which have socio-economic parity have increased, to some extent, but this is less true of interreligious marriages. Discuss. (Answer in *150* words) 10

**10.** विकास के सामाजिक-आर्थिक मुद्दों से निपटने में सरकार, गैर-सरकारी संगठनों एवं निजी क्षेत्रों के बीच किस प्रकार का सहयोग सर्वाधिक उपयोगी होगा? (उत्तर *150* शब्दों में दीजिए)

In dealing with socio-economic issues of development, what kind of collaboration between government, NGOs and private sector would be most productive? (Answer in *150* words) 10

**11.** ''हालाँकि महान चोल शासक अभी मौजूद नहीं हैं लेकिन उनकी कला व वास्तुकला के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियों के कारण अभी भी उन्हें बहुत गर्व से याद किया जाता है।'' टिप्पणी कीजिए। (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

"Though the great Cholas are no more yet their name is still remembered with great pride because of their highest achievements in the domain of art and architecture." Comment. (Answer in *250* words) 15

**12.** यह कहना कहाँ तक उचित है कि प्रथम विश्वयुद्ध मूलतः शक्ति-संतुलन को बनाए रखने के लिए लड़ा गया था? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

How far is it correct to say that the First World War was fought essentially for the preservation of balance of power? (Answer in *250* words) 15

**13.** भारत में हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों के ह्रास के लिए इंग्लैंड की औद्योगिक क्रान्ति कहाँ तक उत्तरदायी थी? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

How far was the Industrial Revolution in England responsible for the decline of handicrafts and cottage industries in India? (Answer in *250* words) 15

**14.** गंगा घाटी की भूजल क्षमता में गंभीर गिरावट आ रही है। यह भारत की खाद्य-सुरक्षा को कैसे प्रभावित कर सकती है? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

The groundwater potential of the gangetic valley is on a serious decline. How may it affect the food security of India? (Answer in *250* words) 15

**15.** ऑरोरा ऑस्ट्रेलिस और ऑरोरा बोरियालिस क्या हैं? ये कैसे उत्प्रेरित होते हैं? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

What are aurora australis and aurora borealis? How are these triggered? (Answer in *250* words) 15

**16.** ट्विस्टर क्या है? मेक्सिको की खाड़ी के आसपास के क्षेत्रों में अधिकतर ट्विस्टर क्यों देखे जाते हैं? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

What is a twister? Why are the majority of twisters observed in areas around the Gulf of Mexico? (Answer in *250* words) 15



Acharya IAS Academy

**17.** क्षेत्रीय असमानता क्या है? यह विविधता से किस प्रकार भिन्न है? भारत में क्षेत्रीय असमानता का मुद्दा कितना गंभीर है? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

What is regional disparity? How does it differ from diversity? How serious is the issue of regional disparity in India? (Answer in *250* words) 15

**18.** समानता और सामाजिक न्याय की व्यापक नीतियों के बावजूद, अभी तक वंचित वर्गों को संविधान द्वारा परिकल्पित सकारात्मक कार्रवाई का पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। टिप्पणी कीजिए। (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Despite comprehensive policies for equity and social justice, underprivileged sections are not yet getting the full benefits of affirmative action envisaged by the Constitution. Comment. (Answer in *250* words) 15

**19.** वैश्वीकरण ने विभिन्न वर्गों की कुशल, युवा एवं अविवाहित महिलाओं द्वारा शहरी प्रवास में वृद्धि की है। इस प्रवृत्ति ने उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता एवं परिवार के साथ संबंधों पर क्या प्रभाव डाला है? (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Globalization has increased urban migration by skilled, young, unmarried women from various classes. How has this trend impacted upon their personal freedom and relationship with family? (Answer in *250* words) 15

**20.** इस अभिमत का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए कि भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक-आर्थिक सीमांतताओं के बीच एक गहरा सहसंबंध है। (उत्तर *250* शब्दों में दीजिए)

Critically analyse the proposition that there is a high correlation between India's cultural diversities and socio-economic marginalities. (Answer in *250* words) 15

★★★

Acharya IAS Academy